## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 1223.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 27 सितम्बर तक 1223.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 5.1 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1217.5 मिली मीटर, पुसौर में 1289.7, खरसिया में 1182.9, घरघोड़ा में 1193.3, तमनार में 1117.3, लैलूंगा में 1200.2, मुकडेगा में 1309.2, धरमजयगढ़ में 1284.4, छाल में 1149.5 एवं कापू में 1290.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### 994 नग पीतल धातु की सील मुद्रण/तैयार करने हेतु 3 अक्टूबर तक मंगाए गए निविदा

**रायगढ़।** आगामी आम निर्वाचन हेतु जिला स्तर से पीतल धातु की सील 994 नग मुद्रण/तैयार कराया जाना है। जिस संबंध में संबंधित फर्मो से सील बंद लिफाफे में 3 अक्टूबर 2023, दोपहर 2 बजे तक सीमित निविदा के माध्यम से दरे मंगाये गये है। प्राप्त निविदायें 3 अक्टूबर 2023 को शाम 4 बजे कलेक्टोरेट रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 21 में उपस्थित निविदाकर्ता/प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ से संपर्क कर सकते है।

### स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों की दावा-आपत्ति उपरांत अनंतिम मेरिट सूची जारी

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में फार्मासिस्ट ग्रेड-02, ड्रेसर गे्रड-1, ड्रेसर ग्रेड-2, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला एवं डार्करूम असिस्टेंट के पद पर भर्ती किए जाने हेतु ऑनलाईन प्राप्त आवेदन पत्रों की दावा-आपत्ति उपरांत अनंतिम मेरिट सूची जारी किया गया है। उक्त अनंतिम मेरिट सूची के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित किया गया है। जिसकी विस्तृत जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है एवं जिले की वेबसाईट www.raigarh.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट www.cghealth.nic.in पर अपलोड की गई है।

### ईद मिलादुन्नबी पर्व को लेकर ली गई शांति समिति की बैठक

**रायगढ़।** एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन पर थाना प्रभारियों द्वारा आने वाले ईद मिलादुन्नबी पर्व के मद्देनजर थानाक्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठक लिया गया। थाना धरमजयगढ़ में ली गई शांति समिति की बैठक में प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी ने सभी धर्मावलंबियों से मिलादुन्नबी पर्व का शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्दपूर्ण वातावरण में भाईचारे के साथ मनाने की अपील किया। उन्होंने बैठक में पर्व में निकलने वाले जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक पुलिस बल लगाए जाने की जानकारी दिया गया। साथ ही बताया गया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश, अफवाहों फैलाने वालों पर पुलिस नजर रखे हुये है। उन्होंने गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांति एवं सौहार्द के वातावरण में पर्व सम्पन्न कराने हेतु प्रशासन व पुलिस को सहयोग करना कहा गया। थाना छाल में भी शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नगर के प्रमुख व्यक्तियों की उपस्थिति रही। बैठक में पर्व को लेकर पुलिस व्यवस्था पर चर्चा किया गया तथा मुस्लिम समुदाय के सदस्यों द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा बताया गया । मुस्लिम समुदाय के सदस्यों द्वारा प्रशासन व पुलिस को पूरा सहयोग करने एवं जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से निकल जाने की बात कही गई।

# निर्वाचन में दिए गए दायित्वों का गंभीरता से पालन करें अधिकारी -कलेक्टर

- मतदान केन्द्रों में सभी प्रकार की सुविधाएं करें सुनिश्चित
- बेहतर ट्रेनिंग से आसान होगा निर्वाचन का कार्य
- चिकित्सा व्यवस्था हो बेहतर, एंटीवेनम का हो पर्याप्त स्टॉक
- हाथियों के चहल कदमी पर वन विभाग रखेगा नजर
- निर्वाचन कार्य की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर सिन्हा ने ली धरमजयगढ़ में बैठक





**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा आज जनपद पंचायत धरमजयगढ़ के सभाकक्ष में आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा धरमजयगढ़ में निर्वाचन संबंधी जानकारी ली। उन्होंने मतदान केंद्रों की जानकारी, पास एवं दूरस्थ मतदान केंद्र, वोटिंग प्रतिशत, वाहन, सामग्री वितरण-वापसी, दलों के वापसी व्यवस्था के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की। कलेक्टर सिन्हा ने लोकेशन की जानकारी लेते हुए मतदान केंद्र में सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि एक विधानसभा वाले कर्मचारियों की दूसरे विधानसभा में भी ड्यूटी लगाई जाएगी, लिहाजा मतदान दलों के लिए वाहनों की सुविधा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में कार्य में संलग्न कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए।

कलेक्टर सिन्हा ने मास्टर ट्रेनरों से कहा कि ट्रेंनिग बेहतर कराया जाए, जितनी अच्छी ट्रेनिंग होगी निर्वाचन का कार्य उतना अच्छा होगा। इसके साथ ही सामग्री वितरण में मास्टर ट्रेनिंग की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। कलेक्टर सिन्हा ने कहा की ईवीएम बहुत संवेदनशील है, वोटिंग के पश्चात ईवीएम वापसी का कार्य भी महत्वपूर्ण हैं। इसमें कही भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही आचार संहिता लगने वाली है, जिसके पश्चात सभी कार्यालयों एवं नगर क्षेत्र के प्रचार सामग्री, विज्ञापनों को हटाने का कार्य किया जाए। इस दौरान उन्होंने विद्युत विभाग को विद्युत की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पंचायत सचिव, रोजगार सहायकों एवं पटवारी की आगामी दिनों में बैठक रख कर आचार संहिता, निर्वाचन कार्य एवं छाव-पानी की व्यवस्था के संबंध में जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम को निर्वाचन के दौरान मुख्यालय के फ्यूल पंप में पर्याप्त फ्यूल रखवाने के निर्देश दिए, ताकि मतदान दलों के साथ आम जन को भी इस दौरान दिक्कत न हो।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने कहा निर्वाचन में संलग्न कर्मचारियों को दिक्कत होने पर कंट्रोल रूम में कॉल कर सहायता ले सकते है। साथ ही शेडो एरिया को पहले से चिन्हांकित कर संचार माध्यम दुरुस्त कर लिया जाए, जिससे निर्वाचन कार्य में अवरोध न हो। उन्होंने पुलिस विभाग को मतदान केंद्रों में बेरीकेट्स, भवन की स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिए। जिससे निर्वाचन कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके।

बैठक में डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, एसडीएम धरमजयगढ़ डिगेश पटेल, एसडीओपी दीपक मिश्रा, तहसीलदार भोजराम डहरिया सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**चिकित्सा व्यवस्था हो बेहतर, एंटीवेनम का हो पर्याप्त स्टॉक**

कलेक्टर सिन्हा ने बीएमओ को निर्देशित किया कि मतदान दलों के स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के लिए बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने बीएमओ को चिकित्सा दल, दवाई, एंबुलेंस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि धरमजयगढ़ में सर्पदंश के मामले अधिक देखे जाते है लिहाजा पर्याप्त एंटीवेनम उपलब्ध रहनी चाहिए।

**हाथियों के चहल कदमी पर वन विभाग रखेगा नजर-** कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि कई मतदान केंद्र सुदूर क्षेत्रों में है, लिहाजा हाथी प्रभावित क्षेत्र होने से दिक्कतें आ सकती है। उन्होंने डीएफओ धरमजयगढ़ को निर्वाचन के दौरान हाथियों के लोकेशन पर नजर रखते हुए जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएफओ ने कहा कि विभाग हाथियों लोकेशन के साथ निर्वाचन कार्य में संलग्न कर्मचारियों का सहयोग करेगा।

# मोटर सायकल डिक्की में रखे रूपए की उठाईगिरी, सीसीटीवी में कैद हुआ संदिग्धों के फुटेज

0 नाकेबंदी कर संदिग्धों की तलाश जारी



**रायगढ़।** दिनांक 27.09.2023 के सुबह करीब 11.00 बजे मनोज कुमार डड़सेना, सुपरवाइजर, जय मां नाथल दाई क्रेशर उद्योग टिमरलगा चंद्रपुर उसके क्रेशर मालिक मनीष अग्रवाल द्वारा दिये गये 9 लाख रूपये के सेल्फ चेक को कैश कराने केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा आया था। बैंक से चेक का आहरण कर मनोज रूपयों को अपने मोटरसाइकिल के डिक्की पर रख कर केवड़ाबाड़ी चौक की ओर जा रहा था, तभी चौक पर ट्रैफिक जाम के बीच अज्ञात व्यक्तियो द्वारा डिक्की से रूपये निकाल लिये। घटना की सूचना पर तत्काल कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित से पूछताछ, प्रारंभिक जांच एवं घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर 2 होंडा यूनिकॉर्न बाइक पर सवार 4 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मनोज डडसेना का पीछा कर घटना को अंजाम दिए जाने की संभावना है। एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा सभी थाना प्रभारियों को नाकेबंदी कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी का निर्देश दिया गया है, पुलिस टीमें माल-मुल्जिम की पतासाजी में जुट गई है।

# डेंगू लार्वा नष्ट करने तालाबों में छोड़ी गई गंबूजिया मछली

- कलेक्टर सिन्हा के निर्देश पर डेंगू नियंत्रण के लिए उठाए जा रहे सभी जरूरी कदम



**रायगढ़।** शहर में डेंगू के मामलों को नियंत्रित करने कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब शहर के तालाबों में मच्छर जनित रोगों के लिए जिम्मेदार लार्वा को नष्ट करने के लिए गंबूजिया मछली छोड़ी गई है। ये मछली पानी की सतह पर रहती है और डेंगू मलेरिया जैसी बीमारियां पैदा करने वाले लार्वा को खा कर नष्ट कर देती हैं।

इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि शहर के तालाबों में मच्छर जनित बीमारियों का कारण बनने वाले लार्वा को नष्ट करने के लिए गंबूजिया मछली डाली गई हैं। उन्होंने बताया कि शहर के फटहा मुड़ा, भुजबंधान तालाब, जय सिंह तालाब में ये मछलियां डाली गई हैं। दूसरे तालाबों में मछलियां डाली जा रही हैं। इसके लिए करीब 20 हजार मछलियों की व्यवस्था की गई हैं। ये मछलियां लार्वा को तेजी से समाप्त करने के लिए जानी जाती हैं।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने मार्गदर्शन में शहर में डेंगू नियंत्रण के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता डोर टू डोर सर्वे के साथ नगर निगम द्वारा साफ -सफाई का कार्य किया जा रहा है। दवा के छिड़काव के साथ फॉगिंग भी की जा रही है। ताकि डेंगू के लार्वा को पनपने से रोका जा सके।

**मच्छर के लार्वा नष्ट करने में गंबूजिया मछली कारगर**

गंबूजिया मछली साफ और ऊपरी जल सतह पर रहती है, जहां मच्छर के लार्वा रहते हैं। गंबूजिया को मच्छरों के लार्वा विशेषकर पसंद होते हैं। एक मछली की आयु डेढ़ साल होती है और रोज 100 से 300 लार्वा तक खा सकती है। बात पूरे जीवनकाल की करें तो एक मछली लाखों लार्वा चट कर जाती हैं। साल भर में यह तीन बार प्रजनन करती है। यदि एक बार किसी तालाब में छोड़ दिया जाए तो संख्या बढ़ती जाती है।

# युवती को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले आरोपी को 7 साल की सजा



**रायगढ़।** सत्र न्यायाधीश रायगढ़ अरविंद कुमार सिन्हा के न्यायालय में कल दिनांक 26.09.2023 थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ के आत्महत्या के लिए दुष्परित करने के मामले में अभियुक्त कन्हैया लाल दलाल को आरोपित भादवि की धारा 306 में 7 वर्ष की सश्रम कारावास तथा ₹1000 का अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। अभियुक्त द्वारा अर्थदंड राशि समय में नहीं दिए जाने पर उसे 6 महीने अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

मामले का संक्षिप्त विवरण - अभियुक्त कन्हैया लाल दलाल पिता बजरंग लाल दलाल उम्र 36 साल निवासी इंदिरा नगर थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ के विरूद्ध स्थानीय युवती द्वारा थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ में छेड़-छाड़ की रिपोर्ट दर्ज करायी थी, जिसकी रिपोर्ट पर अभियुक्त कन्हैया लाल को कोतवाली पुलिस गिरफ्तार का चालान न्यायालय पेश किया गया था, मामले में अभियुक्त जेल में था जो जमानत में मुक्त होने पर युवती और उसके पिता को रिपोर्ट छेड़खानी की वापस लेने की धमकी तथा अपने पास रखे युवती के फोटोग्राफ्स, वीडियो फुटेज वायरल कर युवती को बदनाम करने की धमकी देता था जिससे युवती मानसिक रूप से परेशान थी। अभियुक्त कन्हैया लाल के बार-बार दबाव देकर केस वापस लेने अन्यथा बदनाम की धमकी देने से प्रताड़ित होकर युवती 17 नवंबर 2021 को अपने घर में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती के मृत्यु के संबंध में थाना कोतवाली में मर्ग कायम कर अभियुक्त कन्हैया लाल के विरुद्ध धारा 306 भादवि के तहत अपराध पंजीकृत किया गया जिसमें आरोपी को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रायगढ़ के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। माननीय सत्र न्यायालय रायगढ़ में प्रकरण की सुनवाई की गई। माननीय न्यायालय में अभियुक्त कन्हैया लाल दलाल द्वारा युवती (मृतिका) द्वारा लिखाई गई छेड़छाड़ की रिपोर्ट से संबंधित केस वापस लेने के लिए धमका कर समाज में बदनाम करने की धमकी देने और युवती की फोटो अन्य लोगों को दिखाकर मानसिक रूप से परेशान कर आत्महत्या के लिए दष्प्रेरित किया जाना पाया गया जिससे माननीय न्यायालय ने अभियुक्त कन्हैया लाल दलाल के विरुद्ध आरोपित भादवि की धारा 306 में दोष सिद्ध ठहराया गया। मामले में अभियुक्त को धारा 306 भादवि के लिए 7 वर्ष की सश्रम कारावास तथा ₹1,000 का अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। मामले में की विवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर एवं सहायक विवेचना अधिकारी प्रधान आरक्षक नंदकिशोर सारथी (वर्तमान सहा.उप निरीक्षक) द्वारा की गई है तथा अभियोजन की ओर से माननीय न्यायालय में लोक अभियोजक दीपक शर्मा द्वारा पैरवी किया गया।00000

# कुरमापाली में आयोजित आयुष स्वास्थ्य मेला में 395 रोगियों का हुआ निशुल्क उपचार



**रायगढ़।** कुरमापाली माध्यमिक शाला प्रांगण में आज स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय आयुष मेला का आयोजन किया गया। शिविर में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी पद्धति से उपचार कर ग्रामीणों को नि:शुल्क औषधि का वितरण किया गया। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए काढ़ा पिलाया गया। उक्त शिविर में 395 मरीजों का उपचार किया गया, जिसमें 80 रोगियों का होम्योपैथी पद्धति से एवं 315 लोगों का आयुर्वेद पद्धति से किया गया। शिविर में ज्यादातर बात रोग, आमवात, गठिया बात, जानुशूल, कटिशुल, दौरबल्य, शीरशुल, उदर रोग, चर्म रोग, मूत्र रोग, अर्श, प्रतिशयाय, श्वास, कास, ज्वर मधुमेह, उच्च रक्तचाप, स्त्री रोग, नेत्र, कान, गला रोग, खून की कमी इत्यादि प्रकार के रोगियों का नि:शुल्क उपचार कर औषधि प्रदान किया गया। इस मौके पर डॉक्टर सादिक ने पंचकर्म चिकित्सा की महत्ता, मिलेट्स की महत्ता, डेंगू के बारे में लोगों जागरूक किया एवं योगाभ्यास के बारे में बताया।

विभागीय अधिकारियों ने अधिक से अधिक आर्युवेद पद्धति को अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में चंचला साव जनपद उपाध्यक्ष, जयंती खडिय़ा सरपंच, टीकम साव उपसरपंच, मंजुलता नायक प्रधान पाठक, राजकमल पटेल, राजकुमार पटेल, जानकी पटेल एवम अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना : 583 कार्य हो चुके पूर्ण, 145 पूर्णता की ओर, बारिश के बाद काम में तेजी लाने के निर्देश

- पूर्ण हो चुके स्कूलों में पढ़ाई हेतु बच्चों को मिल रहा बेहतर वातावरण



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत अब जिले के स्कूल भवनों के मरम्मत और रंग रोगन का कार्य जारी है। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत् स्कूलों के कायाकल्प होने से अब बच्चों को पढ़ाई हेतु बेहतर वातावरण मिल रहा है। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के साथ कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा डीएमएफ मद से भी राशि स्वीकृत की गई है। जिसके तहत अंतर्गत शाला भवन मरम्मत, नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा है। चूंकि वर्तमान जिले में लगातार बारिश होने की वजह से काम की प्रगति धीमी हुयी है। बरसात समाप्ति के पश्चात जिन स्कूलों के लिए राशि स्वीकृत हुई है उनके कामों में तेजी आएगी।

कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा रायगढ़ संभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि 1425 स्वीकृत कार्यों में से 583 कार्य पूर्ण हो चुके है एवं लगभग 145 कार्य पूर्णता की ओर है। बारिश के पश्चात शेष स्वीकृत कार्यों को भी जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के साथ कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के पहल पर डीएमएफ और सीएसआर की राशि खर्च कर जिले के लगभग 15 सौ स्कूलों का जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। जिसमें मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के साथ डीएमएफ एवं सीएसआर से कुल मिलाकर करीब 130 करोड़ रुपए खर्च हो रहें है। इस राशि से जिले में स्कूल भवनों की मरम्मत, अतिरिक्त कमरे का निर्माण, छतों का सुधार, सीलिंग और फ्लोर का काम हो रहा है। इसके साथ शौचालयों की रिपेयरिंग, दीवारों में नया रंग-रोगन जैसा कार्य किया जा रहा है, ताकि स्कूल में पढऩे वाले बच्चों को बेहतर सुविधाएं मिल सके।

# विश्व पर्यटन दिवस पर पर्यटक सूचना केंद्र रायगढ़ में हुआ विविध कार्यक्रम

- छत्तीसगढ़ के पर्यटन संबंधित विद्यार्थियों को दी गई जानकारी




**रायगढ़।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के पर्यटक सूचना केंद्र रायगढ़ द्वारा स्थानीय किशोरी मोहन त्रिपाठी महिला महाविद्यालय रायगढ़ में महाविद्यालय की व्याख्याता, स्टाफ और छात्राओं के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ो छात्राओं ने अपनी हिस्सेदारी दी।

महाविद्यालय के प्राचार्य कछवाहा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह कार्यक्रम महाविद्यालय एवं उनके स्टाफ एवं छात्राओं के लिए एक अच्छा अवसर है जब उन्हें छत्तीसगढ़ के पर्यटन संबंधित जानकारी दी जा रही है, इस ज्ञान का लाभ सभी को हमेशा मिलता रहेगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रभारी विकास भोई द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों सहित रायगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों की जानकारी एवं छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा उपलब्ध सुविधाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्रदान की। आर्टिस्ट मनोज श्रीवास्तव द्वारा रायगढ़ के विभिन्न पर्यटन स्थल सहित संस्कृत चित्रकला पुरातत्व एवं औद्योगिक विकास की जानकारी दी गई। साथ ही वर्तमान केंद्रित विषय स्वच्छता मतदाता जागरूकता संबंधित जानकारी के साथ डेंगू रोकथाम बचाओ और सुरक्षा उपायों पर प्रकाश डाला गया। प्रबंधक अभिका तिवारी द्वारा छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा उपलब्ध विभिन्न जानकारियां एवं पर्यटन के स्वयं के अनुभव से अवगत कराया गया। छात्रों के लिए यह अत्यंत उत्साह और हर्षवर्धन रहा कि अभिका द्वारा पर्यटन संबंधी विभिन्न प्रश्न किए गए जिसका सबसे पहले उत्तर देने वालों को मंचासीन अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस क्विज प्रतियोगिता में रितु साहू, शेफाली सिंह, ईशा पटेल, खुशी सिंह, रेणुका उरांव, लक्ष्मी साहू एवं रोशनी चंद्रा विजेता रही!

कार्यक्रम के अंत में रंजीत बारीक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया। पूरे कार्यक्रम का सुचारू रूप से मंच संचालन प्रोफेसर राजकुमार राठौर ने किया। इस अवसर पर प्रभारी विकास रंजनभोई, फोटोग्राफर कमल किशोर शर्मा, महाविद्यालय के प्राचार्य के.सी.कछवाहा, डॉ सुषमा तिवारी, डॉ प्रीति सिंह, डॉ प्रमोद कुमार साहू, प्रो.चंद्रकांत वर्मा, प्रो. अंकित कुमार खडिय़ा, प्रो.नीति देवांगन, प्रो. बी.के.भगत, डॉ.सबाला नन्दे उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480